# 75 वा गणतंत्र दिवस समारोह

## प्रतिवेदन

शासकीय तुलसी महाविद्यालय में 75वे गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया. इस अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के संत ने कहा गणतंत्र दिवस का दिन हर भारतीय को गौरवान्वित महसूस कराता है. ये वही दिन है जब भारत ने अपना संविधान लागू किया था. जिसे बनने में तकरीबन 2 साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा था। हर नागरिक को अपने गणतंत्र की गरिमा को बनाए रखते हुए अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा छात्र-छात्राओं ने देश के शहीदों एवं भारत माता के के पोस्टर एवं कोलाज का भी प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में नैना कुशवाहा ने प्रथम , पूजा दाहिया ने द्वितीय स्थान तथा जानकी देवी रैदास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कोलाज प्रतियोगिता में अंकित पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।











शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर में गणतंत्र दिवस समारोह में सीनियर डिवीजन परेड में शासकीय तुलसी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।







गणतंत्र दिवस पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर परिसर में स्थित आदिवासी बालिका छात्रावास में महाविद्यालय की वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ पी.एस. मलैया द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।







प्रीति वैश्य
संयोजक
सांस्कृतिक समिति